# देशबन्धु महाविद्यालय

## कालकाजी, नई दिल्ली - 110019

## दूरभाष :- 011-26439565

ऑन लाइन परीक्षा से सम्बंधित जानकारी को प्राप्त करने के लिए निम्न में से किसी पर संपर्क कर सकते हैं :-

- ईमेल : exam@db.du.ac.in
- व्हाट्सऐप न. : +91-8595752746

## FAQ's

## ओपन बुक परीक्षा (OBE)

**1. ओपन बुक परीक्षा क्या है?**

OBE को विस्तार में **पुस्तक के साथ परीक्षा (ओपन बुक परीक्षा)** कहते हैं| कोविड-19 महामारी के कारण दिल्ली विश्वविद्यालय ने इसे एक वैकल्पिक परीक्षा की प्रणाली के रूप में स्वीकृति प्रदान की है | विश्वविद्यालय के नोटिस दिनांक/ 30 मई / 2020 के रिफरेन्स न. - डीन (परीक्षा)/लॉक डाउन 04/2020 के अनुसार महामारी के कारण इस माध्यम से लिया गया एक बार का उपाय है |

**2. क्या यह प्रत्येक स्नातक छात्र के लिए है ?**

**नहीं |** निम्न छात्र समूहों को परीक्षा में शामिल होने के लिए अनुमति है :

a) बीए (ऑनर्स), बीएससी (ऑनर्स), बीकॉम (ऑनर्स(, बीकॉम, बीएससी (प्रोग्राम), बीए (प्रोग्राम), बीएससी मैथमेटिकल साइंस के फाइनल सेमेस्टर के स्टूडेंट्स (ऑनर्स)|

b) पिछले वर्ष हुई परीक्षा में अनुतीर्ण छात्र (एक्स-स्टूडेंट)

c) अपने पिछले वर्ष) में ईआर (द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर) सेमेस्टर/Essential Repeat) परीक्षा के अंतिम वर्ष के छात्र;

d) 2019 में उत्तीर्ण हो चुके अंतिम वर्ष के वे छात्र जो अधिक अंक लाना चाहते हैं, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपने अंतिम वर्षसेमेस्टर परीक्षाओं में उपस्थित हो सकते ह/ैं;

e) अंतिम वर्ष के वे छात्र जो सन 2019 की परीक्षा में उत्तीर्ण हो चुके हैं, लेकिन बेहतर अंक के लिए परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, परीक्षा कार्यक्रम अंतिम वर्ष सेमेस्टर का ही होगा |

f) अंतिम सेमेस्टर के छात्र केवल पूर्ववर्ती सेमेस्टर की परीक्षाओं के अंकों में सुधार के लिए उपस्थित हो सकते हैं;

## सभी छात्रों के लिए सामान्य निर्देश

**1. परीक्षा कब शुरू होगी ?**

परीक्षा 01 जुलाई 2020 से शुरू होकर दिनांक 17 जुलाई 2020 तक समाप्त होगी |

परीक्षा तीन पाली में होगी |

पाली एवं समय पाठ्यक्रम का नाम

| **पाली एवं समय** | **पाठ्यक्रम का नाम** |
|---|---|
| **प्रातः** | |
| **07.30 — 10.30 a.m.** | **BSc (Hons.)** and **BSc (Prog.)** |
| **लंच** | |
| **11.30 a.m. — 2.30 p.m.** | **B A (Hons.) and B Com (Hons.)** |
| **सायंकाल** | |
| **3.30 p.m. — 6.30 p.m.** | **a)** B A (Programme)<br>**b)** जेनेरिक एलेक्टिव BA (Hons.), BCom (Hons.) और BSc (Hons.) और II एवं IV सुधार सेमेस्टर के लिए<br>**c)** AECC-I (द्वितिय सेमेस्टर) |

**2. क्या विदेशी छात्रों के लिए टाइम जोन है |**

भारत में टाइम जोन है ZMT+5.30 (भारतीय मानक समय)

**3. परीक्षा में कौन-कौन छात्र सम्मिलित हो सकेंगे ?**

जिन छात्रों ने पूर्ण रूप से परीक्षा फॉर्म भरा है और प्रवेश पत्र प्राप्त कर लिया है - परीक्षा के लिए उन्हें अनुमति है |

4. **जिन छात्रों ने पूरी परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है लेकिन प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है |**

जिन छात्रों ने परीक्षा शुल्क जमा कर दिया है लेकिन प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं कर पाए हैं वे परीक्षा शुरू होने के पूर्व महाविद्यालय को शुल्क रसीद की कॉपी भेज कर, परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य हैं|

5. **प्रवेश पत्र कौन निर्गत करेगा ?**

महाविद्यालय स्नातक के छात्रों द्वारा उपलब्ध कराए गए ईमेल पर उन्हें प्रवेश पत्र निर्गत करेगा| स्नातकोत्तर के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से सीधे डाउनलोड कर सकेंगे|

6. **प्रवेश-पत्र प्राप्त नहीं करने की स्थिति में छात्र महाविद्यालय में किससे संपर्क करेंगे?**

जिन छात्रों को प्रवेश-पत्र प्राप्त नहीं हो पा रहा है वे महाविद्यालय के ईमेल exam@db.du.ac.in या व्हाट्सऐप संख्या: +91-8595752746 पर संपर्क करें |

7. **लिखित परीक्षा की समयावधि क्या है?**

छात्रों को **तीन** घंटे मिलेंगे जो कि प्रश्न पत्र पर उल्लेखित होगा। समयावधि तीन भागों में विभाजित होगा।

a) **पहले तीस मिनट** घोषणा पत्र भरने और उसे अपलोड करने और प्रश्न पत्र डाउनलोड करने के लिए।

b) प्रश्न पत्र डानलोड करने के बाद **दो घंटे** तक प्रश्न-पत्र का उत्तर लिखने के लिए।

c) अंतिम **तीस मिनट** उत्तर-पुस्तिका की स्कैनिंग एवं अपलोडिंग के लिए।

8. **प्रश्न-पत्र कहां से प्राप्त करें?**

छात्र परीक्षा के **तीस मिनट** पहले विश्वविद्यालय के परीक्षा-पोर्टल से प्रश्न-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

9. **अगर छात्र प्रश्न-पत्र डाउनलोड न कर सकें तो?**

अगर छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल से प्रश्न-पत्र डाउनलोड नहीं कर पा रहे हों तो तत्काल महाविद्यालय द्वारा नामित **ईमेल** एवं **वाट्सऐप नं.** पर सम्पर्क करें।

**10. OBE के लिखित परीक्षा में छात्र निम्न प्रक्रिया का पालन करेंगे |**

**OBE के चार चरण हैं |**

## स्टेप I :- परीक्षा के एक दिन पूर्व छात्र तैयार रहें

| | |
|---|---|
| a) | छात्र विश्वविद्यालय के पोर्टल www.du.ac.in पर परीक्षा के एक दिन पूर्व पेपर समय, दिनांक एवं अन्य तकनीकि समस्या की स्थिति अवश्य चेक कर लें \| |
| b) | छात्र महाविद्यालय द्वारा नामित परीक्षा **ईमेल** एवं **व्हाट्सऐप नंबर** को सक्रिय रखें \| संभव हो तो अपने पास प्लेन कागज़ रखें, जिस पर कुछ लिख सकें \| |
| c) | परीक्षा के पहले स्मार्ट फोन, लैपटॉप, डेस्कटॉप, टेबलेट्स जिसमें कैमरा या स्कैनर के साथ 3G या 4G इन्टरनेट सपोर्ट करता हो, तैयार रखें \| ध्यान रहे इन्टरनेट की न्यूनतम स्पीड 32kbits/sec हो \| 2G नेटवर्क डाउनलोडिंग एवं अपलोडिंग को सपोर्ट नहीं करता है। |
| d) | A-4 साइज़ का सादा कागज़ पर्याप्त मात्रा में रखें \| |
| e) | परीक्षा में लिखने के लिए केवल ब्लैक या ब्लू पेन ही मान्य है \| सभी छात्र अपने साथ पेंसिल, रबड़, स्केल, लॉग बुक, टी-टेबल तथा अपने-अपने विषय के लिए ज़रूरी वस्तु रख लें \| |
| f) | प्रवेश पत्र, समय देखने के लिए घडी एवं पानी की बोतल अपने साथ रखें\| |
| g) | तीन घन्टे के लिए शांत एवं स्वच्छ जगह की व्यवस्था अपने घर पर कर लें\| |
| h) | पुस्तकें, नोट्स एवं रिफ़रेंस सामग्री तैयार रखें\| |
| i) | परीक्षा के पहले प्रत्येक सीट पर हाशिया खींचें \| प्रत्येक सीट के ऊपर मध्य के हाशिये पर अपना हस्ताक्षर करने के साथ अपना-अपना परीक्षा रोल नंबर अवश्य लिख दें \| |
| j) | आंसर शीट के पहले पेज पर छात्र साफ-साफ शब्दों में अपना नाम, परीक्षा रोल नम्बर, दिनांक एवं पेपर का समय, पेपर का नाम एवं यूनिक पेपर कोड और कुल पेज संख्या अंकित करें। |

## स्टेप : II - लोग-इन और डाउनलोडिंग प्रश्न पत्र

| | |
|---|---|
| a) | एक बार प्रश्न पत्र डाउनलोड करने के बाद छात्रों के स्क्रीन पर परीक्षा समय की बची हुई अवधि प्रदर्शित होती रहेगी। |
| b) | परीक्षा के 30 मिनट पहले छात्र लॉग इन अवश्य कर लें। |
| c) | लॉग-इन ID विश्वविद्यलय द्वारा प्रदत्त पंजीकरण संख्या या कोई अन्य आई-डी होगी। |
| d) | लॉग-इन Password सभी छात्रों को ईमेल या एसएमएस द्वारा परीक्षा फार्म में दिए गए टेलीफोन नम्बर पर भेजा जाएगा। |

| | |
|---|---|
| e) | **अनिवार्य*** घोषणापत्र एक बार डाउनलोड करने के बाद उसे ठीक से भरकर अपलोड करें। |
| f) | प्रश्न पत्र डाउनलोड करें अगर PDF में समय लग रहा है तो HTML के माध्यम से डाउनलोड करें। |
| g) | प्रश्न पत्र डाउनलोड के तुरंत बाद सेव कर लें। या जिनके पास प्रिंटर उपलब्ध है उसका प्रिंट ले लें। |
| h) | इसके बाद लॉग्डइन रहें- या लॉगआउट हो सकते हैं।- |

## स्टेप III :- उत्तर लिखना

| | |
|---|---|
| a) | आंसर शीट पर बजाय लैंडस्केप फॉर्मेट के पोट्रेट फॉर्मेट पर लिखें। सीट पर बाएं से दाएं ब्लू या ब्लैक पैन से ही लिखें। पोट्रेट फॉर्मेट पर लिखने से स्कैन ठीक से होता है। |
| b) | सीट के एक तरफ ही लिखना है। |
| c) | ब्लैक या ब्लू स्याही का ही उपयोग करें। ऐसा लिखें जो पढ़ने में स्पष्ट हो। |
| d) | जब उत्तर लिखें, कम से कम एक सेंटीमीटर बॉटम एवं टॉप को हाशिया के रूप में अवश्य छोड़ दें। |
| e) | आंसर शीट के प्रत्येक पेज पर निम्न मध्य (लो-मिडिल) स्थान पर पेज नम्बर अंकित करें। |
| f) | निर्धारित समय में उत्तर लिखने के बाद अपलोडिंग के लिए पर्याप्त समय रखें। |
| g) | कुल पेज की संख्या, प्रथम पेज पर अंकित करें, जिससे अपलोडेड पेज एवं अंकित पेज संख्या में अंतर न हो। |
| h) | अब आप अपलोडिंग के लिए तैयार हैं। |

## स्टेप IV - अपलोडिंग

| | |
|---|---|
| a) | **महत्वपूर्ण:- *एक बार आंसर शीट अपलोड एवं सबमिट करने के बाद उसी पोर्टल पर दूसरी बार अपलोड एवं सबमिट नहीं होगा। सफलतापूर्वक अपलोड करने के लिए निम्न निर्देशों का पालन करें।** |
| b) | आंसर शीट को क्रमवार रखें। |
| c) | आंसर शीट को स्कैन करने के साथ **PDF** में सुरक्षित रख लें। **PDF** को **स्पष्ट रूप से पढ़कर**, उसकी समीक्षा कर लें। |
| d) | परीक्षा पोर्टल पर अपनी **ID** एवं पासवर्ड से लॉग-ऑन कर, अपलोड बटन का चयन कर लें। PDF फाइल का नाम ऐसे लिखें -विश्वविद्यालय रोल नंबर _ Course। उदाहरण के लिए यदि आपका विश्वविद्यालय रोल नंबर 17019582165 है और आपका कोर्स इतिहास है (ऑनर्स), तो आपके पीडीएफ का नाम 17019582165_history होना चाहिए। |
| e) | अपलोड करने के पहले पोर्टल पर दिए बटन के माध्यम से घोषणापत्र भरना सुनिश्चित कर लें। घोषणा पत्र इस तरह होगामैं एतद पुष्टि करता हूँ कि अपलोड की गई उत्तर पुस्तिका पूरी तरह : ) तैयार करने में / से मेरा स्वयं का कार्य है और मैंने आंसर शीट लिखनेi) किसी भी एजेंसी या |

| | |
|---|---|
| | व्यक्तिद्वारा प्रदत्त नमूना (ओं), मॉडल, या अन्य कोई कार्य का सहयोग नहीं लिया हैआदि...... |
| f) | घोषणापत्र भरने के बाद पोर्टल पर दिए ''अपलोड उत्तर'' बटन का चयन कर क्रमवार आंसर शीट अपलोड करें। |
| g) | सबमिट करने के पूर्व अपलोड प्रपत्र को विधिवत् जाँच लें, आंसर शीट पर अंकित संख्या एवं अपलोडेड फाइल की संख्या का मिलान कर लें। अगर मिलान में अंतर हो तो छूटे हुए पेज चेक करें और उन्हें अपलोड करें। |
| h) | अपलोड के बाद सबमिट बटन को प्रेस करें एवं उसके बाद लॉग-आउट हों। |
| i) | इसके बाद पोर्टल द्वारा स्वतः सफलतापूर्वक सबमिशन एवं पावती का संदेश ईमेल एवं एसएमएस द्वारा छात्र के मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगा। |
| j) | अगर संदेश न प्राप्त हो तो तत्काल छात्र महाविद्यालय के ईमेल: **exam@db.du.ac.in** या **व्हाट्सअप** +91-8595752746 पर असफलता संदेश के साथ प्रेषित करें। |

## इन्टरनेट समस्या या पॉवर कट की स्थिति में

1. **इंटरनेट समस्या एवं पावर कट की स्थिति में यदि दिए गए समयावधि में छात्र प्रश्नपत्र - पत्रक अपलोड न कर पाएं तो उन्हें क्या करना चाहिए-डाउनलोड एवं उत्तर?**

   डाउनलोड एवं अपलोड में असफल होने की स्थिति में छात्र तत्काल महाविद्यालय द्वारा नामित ईमेल एवं व्हाट्सऐप नम्बर पर सम्पर्क करें। साथ ही छात्र अपने फोन को पर्याप्त रूप से चार्ज करके रखें।

2. **ICT संबंधित किसी समस्या के संबंध में, क्या छात्र महाविद्यालय द्वारा सुलभ इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी )ICT) सुविधा का लाभ ले सकते हैं?**

   हां, वे कॉलेज की सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं| यदि वे परीक्षा की तारीख से कम से कम 4 दिन पहले exam@db.du.ac.in पर ईमेल करके कॉलेज से अनुरोध करते हैं। उन्हें सुरक्षा मानदंडों का पालन करना चाहिए।

## दिव्यांग छात्रों के लिए निर्देश

1. **क्या OBE में दिव्यांग (PWD) छात्रों के लिए विशेष प्रावधान हैं?**

   हाँ, दिव्यांग छात्र को परीक्षा पूरी करने के लिए कुल पाँच )05) घंटे मिलेंगे। परीक्षा में लिखने के लिए समय विभाजन निम्नानुसार होगा।

a) आरंभ के तीस मिनट घोषणा पत्र को भरने एवं अपलोड करने और प्रश्न पत्र डाउनलोड करने के लिए हैं।

b) चार घंटे तक परीक्षा में लिखने की अनुमति है।

c) अंतिम तीस मिनट आंसर शीट को अपलोड करने के लिए है।

**2. क्या दिव्यांग छात्र घर पर writer या CSCs का सहयोग ले सकते हैं?**

**हाँ,** विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अधीन, परीक्षा के नियम-कानून एवं वांछनीय मापदंड के तहत दिव्यांग छात्र सहयोग ले सकते हैं।

Writer की सुविधा लेने के संबंध में छात्र को कम से कम पाँच दिन पहले महाविद्यालय के प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, डीन, महाविद्यालय के निदेशक, शिक्षक से अनुरोध करना होगा।

**3. क्या महाविद्यालय के ICT की सुविधाओं का लाभ जरूरत के अनुसार छात्र ले सकता है?**

**हाँ,** सुविधा प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय से सम्पर्क कर सकता है।

उन्हें exam@db.du.ac.in को ईमेल करके कॉलेज से कम से कम 4 दिन पहले पूर्व अनुमति लेनी होगी। उन्हें शारीरिक दूरी के नियम का कड़ाई से पालन करना चाहिए।

**4. क्या नेत्रहीन/दृष्टि बाधित छात्रों के लिए अन्य विशेष प्रावधान उपलब्ध कराया गया है?**

नेत्रहीन छात्र अपने उत्तर या तो एक टाइपराइटर पर A4 शीट पर टाइप कर सकते हैं या उत्तर आउट ले सकते हैं । उन्हें-समाधान का प्रिंट/PDF फॉर्मेट में ही सीट अपलोड करना होगा। वे उत्तरपत्रक को अपलोड करने के लिए किसी अन्य का सहयोग मांग सकते हैं।-

**5. समस्या की स्थिति में उन्हें किससे सम्पर्क करना चाहिए।**

वे dean_examination@du.ac.in पर ईमेल- के माध्यम से डीन परीक्षा को OBE से संबंधित प्रश्न भेज सकते हैं । डीन उनसे सीधा संवाद करेंगे।

**6. दृष्टिबाधित छात्रों की आवश्यकता के लिए पुस्तकालय में पहले ही पुस्तकें उपलब्ध हैं या में 'SAKSHAM' सुलभ फॉर्मेट में पुस्तक का नाम, लेखक एवं शीर्षक के साथ ईमेल**

**library@saksham.org या व्हाट्सऐप नम्बर 9550410351 पर मेल कर छात्र जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि इनमें से किस में से भी मदद लेने में असमर्थ हैं तो वे ईमेल osdeoc@gmail.com पर करें या सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक इस नं. 9911824704 पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी समस्या के मामले में छात्र अपनी शिकययत grievanceexam2020@gmail.com या grievance@exam.du.ac.in पर भेज सकते हैं।**

## ग्रामीण और अत्यंत सुनसान/दुर्गम क्षेत्र के छात्रों के लिए निर्देश

**1. ऐसे छात्र जो ग्रामीण, वंचित या दूरदराज के क्षेत्रों में रहते हैं, और सुविधाओं से वंचित हैं, और यदि उनके पास व्यक्तिगत आईसीटी सुविधाएं नहीं हैं या नियमित कनेक्टिविटी नहीं है तो ग्रामीण, वंचित या दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले छात्र क्या करेंगे?**

अगर छात्र के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है और वह ओबीई परीक्षा में शामिल होना चाहता है तो उन्हें पास के COMMON SERVICE CENTRE (CSC) में परीक्षा संबंधित प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड करना होगा।

**2. सामान्य सेवा केन्द्र (CSCs) क्या है?**

सामान्य सेवा केन्द्र, ग्रामीण क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा प्रदान कराने वाला केंद्र है। परीक्षा शुरू होने के एक दिन पूर्व छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://locator.csccloud.in पर लॉग-इन करके अपने गाँव और पंचायत का विवरण भर करCSC की स्थिति जान सकते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के अनुसार पूरे देश में दो लाख CSC सेंटर हैं। छात्र MeiTy या )Ministry of Electronics and Information Technology) के वेबसाइट पर जाकर भी सीएससी केन्द्र का विवरण देख सकते हैं। यदि CSC के स्रोत के बारे में किसी प्रकार का संदेह/अस्पष्टता हो तो छात्र https://csc.gov.in/statdistricts पर चेक कर लें।

अपने CSC की आसान पहचान के लिए निम्न में उल्लेखित ऐप को डाउनलोड कर लें:

**https://play.google.com/store/apps/details?id=com.arcgis.esri.bankgis1**

**3. अत्यंत दुर्गम क्षेत्र, जहां इंटरनेट सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां के छात्र क्या करेंगे?**

उन्हें अपने पास के किसी सीएससी )CSC) केन्द्र या साइबर कैफे को ढूँढने की कोशिश करनी है। अगर वे केन्द्र ढूंढने में असफलविफल हो जाते हैं तो उनके लिए विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा / की पारंपरिक पद्धति द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जब वर्तमान स्थिति में सुधार होगा। विश्वविद्यालय सितम्बर, 2020 के आरंभ में फार्म भरने की नई तिथि की घोषणा करेगा।

## माक (MOCK) या परीक्षा पूर्वाभ्यास

1. **क्या विद्यार्थी परीक्षा का पूर्वाभ्यास कर सकते हैं?**

**हां**, महाविद्यालय यह विश्वास दिलाता है कि सभी विद्यार्थी माक )MOCK) ओपन बुक परीक्षा में उपस्थित हो सकते हैं। महाविद्यालय इसे ऑनलाइन परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व आयोजित - करेगा। इससे लगभग सभी विद्यार्थी लाभान्वित होंगे तथा उनकी परीक्षा से पहले एक अच्छी तैयारीहो पाएगी।

ओपन बुक परीक्षा के दौरान उत्तरआन-प्रपत्र को लॉग-, डाउनलोडिंग तथा अपलोडिंग तक संजोकर क्रमबद्ध रखना विद्यार्थियों की जिम्मेदारी होगी।

2. **माक (MOCK) परीक्षा विद्यार्थियों को क्यों देनी चाहिए? क्या इसे आंतरिक मूल्यांकन से जोड़ा जाएगा? क्या इससे विद्यार्थियों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा?**

माक )MOCK) परीक्षा का कोई अंक विद्यार्थियों को नहीं दिया जाएगा। माक परीक्षा का उद्देश्य, विद्यार्थियों को आन लाइन ओपन बुक परीक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें मानसिक आश्वस्तता के साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना- है।

## विविध

1. **परीक्षा फार्म में improvement भरने के बावजूद अगर छात्र improvement परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहता है, उस स्थिति में वह ?**

अगर छात्र improvement परीक्षा में सम्मिलित नहीं होना चाहता है, वह परीक्षा शुरू होने के 24 घंटे पहले उपकुलसचिव-, परीक्षा को उचित कारण के साथ लिखित रूप में सूचित करें। परीक्षा शुरू होने एवं प्रश्नपत्र डाउनलोड करने के उपरांत छात्र परीक्षा नहीं छोड़ सकता है।-

**2. परीक्षा के दिन अचानक बीमार होने की स्थिति में छात्र को क्या करना चाहिए?**

स्थिति बेहतर होने के बाद विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को एक मौका परम्परागत परीक्षा पद्धति से आयोजित परीक्षा में देगा। विश्वविद्यालय सितम्बर, 2020 के आरंभ में परीक्षा फार्म भरने की नयी तिथि की घोषणा करेगा।

**3. ओबीई परीक्षा में प्राप्त ग्रेड (अंक) से असंतुष्ट छात्र को क्या करना चाहिए? वह कैसे ग्रेड को Improve कर सकता है ?**

विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के तहत् उसे-Improve करने का दूसरा अवसर प्रदान किया जाएगा। वे 2021 के आगामी परीक्षा शैड्यूल घोषित होने पर उसमें सम्मिलित हो सकते हैं। Odd-Semester (विषमपरीक्षा जनवरी (सेमेस्टर-, 2021 एवं Even-Semester (सम (सेमेस्टर- जून/परीक्षा मई2021 में होना निर्धारित है।

## ओबीई (OBE) के लिए शुभकामनाएं !